संक्षिप्त

सैन जयंती महोत्सव 14 अप्रैल को

फुलेरा। सैन समाज की ओर से जोबनेर रोड अनुविहार कॉलोनी स्थित सैन मंदिर भवन में 26वां सैन जयंती महोत्सव का आयोजन मंगलवार 14 अप्रैल को किया जाएगा, कार्यक्रम को लेकर फुलेरा सैन समाज ने समाजबंधुओं को आमंत्रित किया गया है। महेश सैन धींगपुर ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सोमवार 13 अप्रैल को दोपहर 12:15 बजे से महिला सत्संग का आयोजन होगा। वहीं मंगलवार 14 अप्रैल को सुबह 7:15 बजे पूजन, 8:15 बजे सुंदरकांड, 11:15 बजे आरती तथा 11:30 बजे से 12:30 बजे तक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 1:15 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम 4:15 बजे सम्मान व स्वागत समारोह तथा 4:30 बजे से भोजन प्रसादी का आयोजन होगा।

निर्माण पर हाईकोर्ट का अंतरिम स्टे

राजगढ़। राजगढ़ उपखंड क्षेत्र राजगढ़ के नाम से स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय के दलालपुरा निर्माण पर हाईकोर्ट ने अंतरिम स्टे दिया है। विदित रहे राजगढ कस्बा 8 दिन संपूर्ण बंद होने के बाद भी केंद्रीय विद्यालय दलालपुरा रेणी मैं निर्माण को लेकर भूमि पूजन की तैयारी चल रही थी। हाई कोर्ट की ओर से अंतरिम स्टे मिलने के बाद दलालपुरा निर्माण की तैयारी को लेकर झटका जरूर लगा है। गौरतलब है की राजगढ आवाज मंच के लोगों की ओर से एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय जयपुर में प्रस्तुत की गई। इसको लेकर हाईकोर्ट ने अंतरिम स्टे दिया है। आगामी सुनवाई की तिथि तक दलालपुरा रेनी में किसी भी प्रकार के निर्माण पर रोक रहेगी।

युवकों ने बुजुंर्ग से की मारपीट

कोटपूतली। जिले के ग्राम चांदोली-दुदावास के निकट एक बुजुर्ग व्यक्ति से अज्ञात युवकों द्वारा मारपीट किये जाने का मामला सामने आया हैं। जिसमें बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। यहां के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ट्रौमा सैंटर के नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने जानकारी देते हुए बताया कि रामस्वरूप बलाई (55) पुत्र सीताराम निवासी ठाम चांदोली-दुदावास जो गांव के समीप ही भेड-बकरी चरा रहा था। तभी अज्ञात तीन युवकों ने बुजुर्ग के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बुजुर्ग की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रैफर कर दिया गया।

रथ यात्रा का स्वागत

निवाई। विश्व हिंदू परिषद की सामाजिक समरसता रथ यात्रा का विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा करके एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान अहिंसा सर्किल पर बजरंग दल के संयोजक राकेश खारोल, दयाराम चेची, खुशीराम पोसवाल, राजेश गुर्जर डिग्गी, हनुमान चौधरी व मक्खन परिडवाल सहित कई कार्यकर्ताओं ने भारत माता, वंदे मातरम व जय श्रीराम के जमकर जयकारे लगाए जिससे आस-पास का वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा में शामिल जयपुर प्रांत के सामाजिक समरसता प्रमुख देवीसहाय व सांगानेर विभाग संगठन मंत्री कुलदीप शर्मा यात्रा का उद्देश्य समाज में समरसता व भाईचारा को बढावा देना है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष एडवोकेट सीताराम डांगरथल, जिला मंत्री राहुल जायसवाल व प्रखंड संयोजक राकेश खारोल सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

सड़क हादमें में बुजुर्ग गम्भीर घायल

टोंक। सदर थाने क्षेत्र के तारन रोड पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग गम्भीर घायल हो गया। टोंक सदर थाना के तारण रोड पर तेज गति से जा रही एंबुलेंस के सामने अचानक मोटरसाईकिल आने के बाद एम्बुलेन्स अनियत्रित होने के बाद मोटरसाईकिल सवार बुजुर्ग रामफूल गुर्जर निवासी लावादर को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। बाद में सूचना पर पंहुची सदर थाना पुलिस ने घायल को अस्पताल ले गये तथा पुलिस ने एंबुलेंस चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणो ने हादसे को लेकर रोष व्याप्त करते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की। फिलहाल मामले में पुलिस जांच में जुटी है।

'इंटरनेट का उचित व सीमित उपयोग करें'

निवाई। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष सृष्टि चौधरी ने कहा कि साइबर क्राइम से हमेशा सचेत रहें। उन्होंने कहा कि कानून में डिजिटल अरेस्ट से संबंधित कोई शब्द नहीं है। साइबर फ्रॉड करने वाले लोग डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से डराकर लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे सबको सावधान रहना होगा। अपर एवं सेशन न्यायाधीश चौधरी ने उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर के पांचजन्य सभागार में विद्यार्थियों को कानूनी व साइबर फ्रॉड के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी मैसेज या वीडियो को बिना उसकी जानकारी करे बिना फॉरवर्ड नहीं करें। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया पर इंटरनेट द्वारा किया गया फोटो या मैसेज व अन्य सूचनाएं कभी भी डिलीट नहीं होती हैं। यदि आप उसे डिलीट कर देते हैं तो भी वह इंटरनेट पर उपलब्ध रहती हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का युग आज की आवश्यकता है, लेकिन उसका सही तरह से उपयोग करना लाभदायक होता है। इंटरनेट का उचित व सीमित उपयोग करना चाहिए। इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग करने से शारीरिक व मानसिक विकास में बाधा होती है। उन्होंने कहा कि कानूनी साक्षरता का अर्थ नागरिकों को उनके अधिकारों व कानूनों के प्रति जागरूक करना है। जबकि संवेदीकरण का उद्देश्य समाज में मानव अधिकारों सामान्य व न्याय के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाना है। कार्यक्रम का उद्देश्य कानूनी साक्षरता को लोगों को वैधानिक अधिकारों पात्रताओं व शिकायतों के निवारण के बारे में जागरूक करना है।

बच्चों की सुरक्षा को लेकर पावटा में स्कूली बसों की सख्ती से जांच

पावटा जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने विशेष मुहिम शुरू कर दी है।

- पावटा में परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान
- आपातकालीन स्थिति में उपयोग होने वाले अग्निशमन यंत्र सहित सुरक्षा उपकरणों को भी परखा गया

पावटा। जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने विशेष मुहिम शुरू कर दी है। जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर गुरुवार को उपखंड पावटा क्षेत्र में स्कूली बसों की सघन जांच की गई। अभियान के तहत परिवहन विभाग निरीक्षक टिकेंद्र सिंह व नरेश स्वामी के नेतृत्व में टीम ने स्कूल बसों को रोककर उनकी फिटनेस, परमिट व अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। इसके साथ ही बसों की समग्र स्थिति का निरीक्षण किया गया और आपातकालीन स्थिति में उपयोग होने वाले अग्निशमन यंत्र सहित सुरक्षा उपकरणों को भी परखा गया। जांच के दौरान अधिकारियों ने बस संचालकों को निर्देश दिए कि बच्चों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी स्कूल वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है। जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है और स्कूल संचालक सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण बसों में सुनिश्चित करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी सुनील सैनी ने बताया कि स्कूली छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। और नियमों की अवहेलना करने वालों पर कडी कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. अम्बेडकर जयंती 14 को

कोटपूतली। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की 135 वीं जयंती व प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 14 अप्रैल मंगलवार को किया जायेगा। इस मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह होगें। जबकि अध्यक्षता विधायक हंसराज पटेल द्वारा की जायेगी। डॉ. अम्बेडकर जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के संयोजक एड. सुबेसिंह मोरोड़िया ने बताया कि जयंती समारोह के लिये तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। प्रचार समिति प्रभारी पूर्व गिरदावर हरिपाल वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न टीमें गांव-गांव जाकर अधिक से अधिक लोगों को जयंती समारोह में आने के लिये संपर्क कर रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अति विषिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक इंद्राज सिंह गुर्जर, पूर्व आईआरएस डॉ. डी आर रैवाला रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, पूर्व प्रधान मीना कुमारी, पूर्व संयुक्त निदेशक आर एस झांझरिया, प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह, अनिल कुमार तहसीलदार, यूपीएससी चयनित हिमांशु निमोरिया, लेखक रतन कुमार सामरिया, पूर्व एईएन बी.एल. सिंघल, समाजसेवी जगदीश मीणा, राजपूताना कॉलेज प्राचार्य डॉ. एच एन धोलीवाल, डॉ. जयदयाल, डॉ. अल्का बडजात्या, डॉ. मंजू मौर्य, डॉ. नीलम बुनकर, पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव, समाजसेवी मनोज चौधरी होगे। मंच अध्यक्ष जगदीश मेघवाल, मेघवाल विकास समिति अध्यक्ष मदनलाल वर्मा, बदलूराम, रतिराम जीलोवा, छोटूराम आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

परशुराम जयंती को लेकर ब्राह्मण समाज ने गणेश मंदिर में चढ़ाए पीले चावल

पावटा। आगामी अक्षया तृतीया पर परशुराम जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर ब्राह्मण समाज में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में ब्राह्मण महासभा नगर पावटा प्रचार मंत्री मोहन गौड ने बताया कि पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा व ब्राह्मण महासभा पावटा नगर अध्यक्ष सुरेश नयाबासी के नेतृत्व में समाज के लोगों ने स्थानीय गणेश मंदिर में पहुंचकर भगवान गणेश को पीले चावल अर्पित कर कार्यक्रम की सफलता एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष सहित समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकजुट होकर जयंती को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया। इस दौरान ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष सुरेश नयाबासी ने कहा कि पावटा नगर ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव को भव्यता के साथ मनाये जाने के लिए विस्तार से चर्चा करते हुए पीले चावल बांटने, सर्व समाज के लोगो से संपर्क करने का विचार करने, कार्यक्रम को लेकर प्रशासन को अवगत करवाने, आगामी 19 अप्रैल को भगवान परशुराम के प्रकट उत्सव पर शाम 4 बजे से आदर्श रामलीला मैदान पावटा से एक भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी ज्यों नगर के मुख्य बाजारो व मार्गो से होते हुए वापस आदर्श रामलीला मैदान पावटा पहुंचकर महाआरती के साथ संपन्न होगी। बैठक में कहा गया कि इस बार आयोजन भव्य और दिव्य से रूप से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए रूरेखा तय कर जिम्मेदारी दी गई। बताया गया कि आयोजन के लिए अंतिम बैठक 10 अप्रैल 2026 दिन शुक्रवार को संपन्न होगी। जिसमें कार्यक्रम को लेकर अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा। पीले चावल चढाने की परंपरा शुभ कार्य की शुरुआत का प्रतीक है। हम भगवान गणेश से प्रार्थना करते हैं कि परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन निर्विघ्न संपन्न हो।समाज के सभी लोगों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाएं। इस बार परशुराम जयंती को विशेष रूप से मनाने की तैयारियां की जा रही हैं, जिसमें शोभायात्रा, धार्मिक कार्यक्रम और सामाजिक आयोजन शामिल रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान समाज के कई गणमान्य लोग, युवा व महिलाएं उपस्थित रहीं और सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान पावटा नगर ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष सुरेश शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष गजानंद बोहरा, उपाध्यक्ष गिरिराज बोहरा, दीपक पटेल, महामंत्री विष्णु पटेल, कोषाध्यक्ष ललित शर्मा, आदर्श रामलीला मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, विष्णु शर्मा, शंकर पाकोजरा, मोहित शर्मा, हिमांशु शर्मा, रामशरण बोहरा, सावर बोहरा सहित विप्र बंधु मौजूद रहे।

पानी की समस्या बरकरार

सांभरझील, (निसं)। अपर्याप्त पानी सप्लाई से गत कई सालों से परेशान सांभर में जाल की गली के बाशिंदों को नेताओं द्वारा करीब 4 माह पहले दिये गये आश्वासन के पूरा होने का इंतजार है। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह और पूर्व विधायक निर्मल कुमावत की मौजूदगी में जनसुनवाई के दौरान जाल की गली के लोगों ने पानी की समस्या को लेकर रूबरू होते हुए अपनी पीडा का इजहार किया तो मौके पर मौजूद जलदाय विभाग के अभियंता को सांसद और पूर्व विधायक ने जिस तर्ज पर सख्त निर्देश दिए थे उससे तो लोगों को लगा कि समस्या आजकल में ही निपट जाएगी, लेकिन उसकी तो पीएचईडी डिपार्मेंट ने पूरी तरह से हवा ही निकाल दी। मौके पर मौजूद भाजपा के उन नेताओं की थोथी पंचायती की भी पोल सामने आ गई जो उस वक्त सांसद और पूर्व विधायक को दिखाने के लिए पैरवी कर रहे थे, लेकिन अब पूरी तरह से गायब है। बता दें कि जनसुनवाई के दौरान सांसद ने पीएचईडी डिपार्टमेंट को हिदायत दी थी कि समस्या का शीघ्र निवारण कर राहत प्रदान की जाए, तो विभाग के अभियंता ने सांसद को ही तकनीकी प्लान बताने लगे, जब सांसद ने पूछा प्लान क्या है तो विभाग ने पेयजल लाइन बिछाने का 9 लाख का एस्टीमेट बता फंड की असमर्थता जताई तो सांसद महोदय ने कहा कि आपके पास पैसा नहीं है तो मुझसे ले लो मतलब सांसद कोटे से देने की बात कही गई। बताया जा रहा है कि विभाग के स्तर से इसका फंड भी आ चुका है लेकिन जाल की गली के लोगो को केवल विभाग टालम टोल कर उनकी समस्या को और बढा रहा है। बताया गया कि कुछ बुजुर्ग परिवार तो इस समय से दुखी होकर यहां से अन्यत्र शिफ्ट हो चुके हैं। यह बताना जरूरी भी है कि यहां के लोगों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन करीब एक साल पहले उपखंड अधिकारी को भी दिया था लेकिन उस पर भी कोई एक्शन नहीं लिया गया। वर्तमान हालात को देखते हुए साफ दिखाई दे रहा है कि प्रशासन भी उनकी समस्या को अनदेखी कर चुका है।

विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने की सीएम से मुलाकात

भरतपुर (निस)। डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश दिगम्बर सिंह ने शुक्रवार को जयपुर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाक़ात कर डीग और भरतपुर जिलों में हाल के दिनों में हुई असमय बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए व्यापक नुकसान का मुद्दा उठाया। विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पिछले कुछ दिनों में क्षेत्र में हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों की खड़ी फसल को काफी क्षित पहुंची है। गेहूं, सरसों, जौ, चना और अन्य फसलों को हुए नुकसान से किसानों की चिंता बढ गई है और कई गांवों में खेतों में खड़ी फसल और घरों, मंडियों में रखी कटी फसल भी प्रभावित हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सर्वे करवाकर किसानों को राहत दिलाई जाए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को डीग और भरतपुर जिलों में फसल नुकसान का शीघ्र सर्वे कराने के निर्देश दिए।उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और जिन किसानों की फसल को नुकसान हुआ है, उन्हें नियमानुसार राहत दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सर्वे की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत मिल सके। इस अवसर पर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डीग-कुम्हेर और भरतपुर क्षेत्र के किसानों के हितों की रक्षा उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार के सहयोग से प्रभावित किसानों को जल्द राहत मिलेगी और उन्हें इस कठिन परिस्थिति से उबरने में मदद मिलेगी।किसानों की समस्याओं को लेकर वे लगातार सरकार के समक्ष मजबूती से आवाज उठाते रहेंगे।

सेप्टिक टैंक निर्माण व सफाई पर सख्त निर्देश

डीग भरतपुर (निस)। नगर परिषद डीग प्रशासन ने शहर में सेप्टिक टैंकों के निर्माण, सफाई (डीस्लजिंग) एवं स्वच्छता व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नगर परिषद आयुक्त कुलदीप सिंह ने शहरवासियों से इन निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने की अपील की है। नगर परिषद के आयुक्त कुलदीप सिंह ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में बनने वाले सेप्टिक टैंकों का निर्माण राष्ट्रीय भवन संहिता एवं आईएस 2470 मानकों के अनुसार करना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी सेप्टिक टैंक/पिट की सफाई अधिकृत सेवा प्रदाता के माध्यम से प्रत्येक 3 वर्ष में कराना जरूरी होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सेप्टिक टैंक का मल सार्वजनिक स्थानों, नालियों या अन्य स्थानों पर बहाने अथवा खाली करने पर राजस्थान नगरपालिका (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) उपविधियां 2019 के तहत प्रतिदिन 5000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

प्रतिभा सम्मान समारोह होगा

कोटपूतली। संत शिरोमणि सैन महाराज की जयंती समारोह श्री सैन मंदिर विकास प्रबंधक एवं समाज उत्थान (रजि.) समिति के तत्वाधान में श्री सैन मंदिर पूतली में आगामी 14 अप्रैल मंगलवार को मनाई जायेगी। सैन जयन्ती अध्यक्ष नानक चन्द सैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हंसराज पटेल होगें। जबकि अध्यक्षता भामाशाह प्रधान राधेश्याम सैन द्वारा की जायेगी। वहीं विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, श्री नारायणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गहलोत, अखिल भारतीय हरसौरा धाम प्रधान संजय सैन, पत्रकार प्रहलाद सैन, हंसराज कसाना रहेंगे। समारोह में करीब 54 प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश सैन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये तैयारियां जोर-जोर से की जा रही है। समिति के पदाधिकारी राधेश्याम सैन, नेतराम सैन, बनवारी लाल सैन, ओमप्रकाश सैन, नानक चंद सैन द्वारा जनसम्पर्क किया जा रहा हैं।

'उच्च स्तरीय विशेषज्ञों से मिलेगा नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श

- दिलीप इसरानी के जन्म दिवस पर 11 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे विशाल नि:शुल्क मेडिकल एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा

निवाई। श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में 80 फुट रोड स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन में संस्थान के अध्यक्ष दिलीप इसरानी के जन्म दिवस पर 11 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे विशाल नि:शुल्क मेडिकल एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जयपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञ सेवाएँ देंगे। शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने बताया कि शिविर में एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर के सुप्रसिद्ध रोबोटिक जोड प्रत्यारोपण विशेषज्ञ, यूके से प्रशिक्षित व करीब 13 वर्षों के अनुभवी, एमबीबीएस एमएस ऑर्थो डॉ. मुकेश असवाल रोगीयों को परामर्श देंगे। उन्होंने बताया कि डॉ. असवाल रोबोटिक व कंप्यूटर नेवीगेशन पद्धित से कूल्हे, घुटने एवं कंधों के जोड प्रत्यारोपण विशेषज्ञ हैं। जिनको 15 हजार से अधिक सफल सर्जरी का अनुभव है। डॉ. असवाल द्वारा जयपुर के एसएमएस अस्पताल में अत्याधुनिक रोबोटिक इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है, जिससे गरीब व मध्यम वर्ग के रोगी आर्थिक बोझ से बच सकते हैं। शिविर में शुभम केयर हॉस्पिटल जयपुर के स्त्री एवं प्रसूति रोग, नि:संतानता व 3 डी लैप्रोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ. शैलेष जैन भी विशेषज्ञ सेवाएँ प्रदान करेंगे। इसी प्रकार जयपुर अपैक्स हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बी.एम. गोयल, पेट एवं पाचन रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद रेहान, फेफडा रोग विशेषज्ञ डॉ. मेहुल अठावाल व राजकीय जयपुरिया हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज नोगिया चिकित्सा परामर्श देंगे। डॉ. सपना जैन, डॉ. सिमरन कक्कड व डाइटिशियन डॉ. निशा शर्मा द्वारा स्त्री रोग व पोषण परामर्श दिया जाएगा। ब्यूटी आई केयर टीम द्वारा नेत्र जांच व चश्मा वितरण किया जाएगा। रक्तदान शिविर में श्री गोपाल कृष्ण सेवा सिमिति जयपुर व प्रतिष्ठा ब्लड सेंटर टोंक द्वारा रक्तदान संठाहण किया जाएगा। जिसमें सैंकडों युवा रक्तदान करेंगे। संस्थान के अध्यक्ष दिलीप इसरानी, रवि अग्रवाल, वंश प्रदीप पारीक, जयनारायण कुमावत, जीतेन्द्र विजय, सर्वेश द्विवेदी, जीतेन्द्र धारवाल एवं अविनाश पारीक ने लोगों को शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शिविर में रोगीयों को एक ही छत के नीचे जयपुर के उच्च स्तरीय विशेषज्ञों से नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

मोबाइल की दुकान में आग

निवाई। निकटवर्ती गांव सुनारा में बीती रात एक मोबाइल की दुकान में शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही निवाई फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची और तत्परता से आग पर काबू पाया। फायरमैन अजय यादव ने बताया कि गुरूवार की रात करीब 9:51 बजे निवाई फायर स्टेशन पर सूचना मिली कि सुनारा गांव में स्थित एक मोबाइल शॉप में आग लग गई है। सूचना पर फायरमैन अजय यादव, दिलखुश गुर्जर, बुद्धिप्रकाश शर्मा, सुरेश मीणा व चालक महावीर यादव दमकल के साथ मौके पर पहुंचकर कडी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया। पीडित दुकानदार छीतर प्रजापत ने बताया कि उसकी मोबाईल की दुकान में रिपेयरिंग के लिए रखे करीब 500 पुराने मोबाइल, 50 नए मोबाइल, 10 पंखे, फोन की 40 कॉम्बो, कई एक्सेसरीज, 8-10 हजार रूपए की किसान टॉर्च, 25 हजार रुपये का काउंटर एवं दुकान में रखी करीब 15 हजार रुपये की नकदी आग में जलकर राख हो गए।

ताला लगे मकान में दबिश देकर जुआ खेलते 4 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से 25 हजार रुपये जब्त किए

टोंक। जिला स्पेशल टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के बछेरो का घेर क्षैत्र में एक मकान में जुआ खेल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25 हजार रुपए भी जब्त किया गया है। कार्यवाही के दौरान पुलिस को आते देख मकान मालिक भाग गया, जिसकी तलाश की जा रही है। कार्यवाही के बाद आरोपी रहमान पुत्र अब्दुल गनी उम्र 43 साल, नदीम पुत्र जफर उम्र 36 साल, साहिल पुत्र अब्दुल वाहिद उम्र 24 साल एवं हुसैन पुत्र मोहम्मद अजीम उम्र 45 साल निवासी धन्ना तलाई को जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया है।

जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में सटोरिया लोगों को बुलाकर मकान में जुआ सट्टा खिलाता था। जिसकी सूचना के बाद टीम ने बीती रात मकान पर दबिश देकर ताले को तोडकर टीम ने तीसरी मंजिल पर चार आरोपियो को चटाई पर जुआ खेलते दबोचा तथा उन्हें गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 25 हजार रुपए और चटाई जब्त की गई। जिसके बाद आरोपियों को कोतवाली थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया, जहां उनके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पोषण पखवाड़े में स्वस्थ व्यंजनों का प्रदर्शन

निवाई। शहर में आंगनबाडी केंद्रों पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी संगीता दीपक के सानिध्य में पोषण पखवाडे के अन्तर्गत खाना बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए इन योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। महिला पर्यवेक्षक कविता टेलर ने गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को एनीमिया की नियमित जांच करवाने की सलाह देते हुए बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयरन युक्त हरी सब्जियां, फल व संतुलित भोजन का नियमित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्वस्थ व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया एवं खाना बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन करके महिलाओं को जागरूक किया एवं स्वास्थ्य से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण परामर्श भी दिए। गए। कार्यक्रम में आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिकाओं सहित गर्भवती व धात्री महिलाएं मौजूद थी।

व्यापारी के सिर पर देसी कट्टे मारा

टोंक। उनियारा मुख्यालय में बुधवार रात्रि को दुकान बंद कर घर लौट रहे दो भाइयों पर दो युवकों ने लूट के इरादे से देशी कट्टे से हवाई फायरिंग की और एक भाई के सिर पर वार कर दिया। हादसे में घायल प्रदीप कुमार गुप्ता को हॉस्पिटल ले जाकर इलाज कराया गया। बाद में घटना के बाद गुस्साए व्यापारियों ने उनियारा थाने के बाहर पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा हमलावरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की, लेकिन मध्य रात को लोग जल्द गिरफ्तार करने के पुलिस के आश्वासन के बाद घर चले गए। घटना के 12 घंटे बीतने के बाद शुक्रवार तक कोई गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज व्यापारी अब धरना प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे है। उनियारा थाना प्रभारी कप्तान सिंह ने बताया कि फायरिंग की घटना की पुष्टि नहीं हो रही है। मारपीट का मामला है, इसमें कार्रवाई की जा रही है। घायल व्यापारी प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि उसकी बस स्टैंड के पास दुकान है। बुधवार देर रात करीब दस बजे दुकान बंद करके वह और उसका भाई अजय गुप्ता घर लौट रहे थे। उनके पास दिनभर की बिक्री के हजारों रुपए भी थे। रास्ते में क्षेत्र के ही रहने वाले राजा बाबू गुर्जर और रामसिंह खटाना मिले और बिना कुछ कहे मारपीट शुरू कर दी।

कोटपुतली में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया

- विधालयों में रखवाई कोर्ट वाली दीदी सुझाव पेटी

कोटपूतली। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश में ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूयूजडे के तहत विद्यालयों में विद्यार्थियों के समग्र विकास तथा डिजिटल युग की चुनौतियों के प्रति उनकी सजगता बढाने के उद्देश्य से न्यायिक अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक करने के संबंध में नवीन योजना प्रारम्भ की गई। इसी क्रम में जिला एवं सैशन न्यायाधीश रवि शर्मा के निर्देशानुसार कोटपूतली न्याय क्षेत्र के न्यायिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किये गये। शुक्रवार को जिले में कुल 15 न्यायाधिषों द्वारा कोटपूतली, बानसूर, बहरोड एवं विराटनगर की विभिन्न राजकीय व निजी विद्यालयों में जाकर ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूयूजडे अभियान के तहत विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किये गये। जिसके तहत कक्षा 08 से 12 तक के विद्यार्थियों को साईबर सुरक्षा, विधिक अधिकार, डिजिटल खतरों से अवगत करवाया गया। इस दौरान प्रत्येक विद्यालय में कोर्ट वाली दीदी नाम से शिकायत एवं सुझाव पेटी भी रखवाई गई।

न्यायिक अधिकारियों ने कोटपुतली के विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किये।

जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत करवाया जा सकें। विद्यार्थियों को उक्त कोर्ट वाली दीदी पेटी में किसी भी प्रकार की समस्या अथवा सुझाव डालने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त पेटी का अवलोकन 03 दिवस पश्चात किया जावेगा। कोटपूतली मुख्यालय के एडीजे क्रम 01 राजेश कुमार, एडीजे क्रम 04 डॉ. सुरेश कुमार, एसीजेएम क्रम 01 सिमरन कौर, एसीजेएम क्रम 02 डॉ. अजय बिश्नोई व न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा धानियां द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को डिजिटल अरेस्ट, साईबर सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इसी प्रकार बहरोड, बानसूर व विराटनगर के न्यायिक अधिकारियों द्वारा स्थानीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को जानकारियां प्रदान की गई।